तरह की सफरिंग झेलनी पड़ती है । इस बिल में इस सफरिंग के बारे में कोई जिक्र नही है जो शिकार के निमित्त भैंसों और बकरियों को झेलनी पड़ती है । लेकिन इसमें यह लिख दिया गया है कि अननेसेसरी सफरिंग नहीं होनी चाहिये । मेरे कहने का मतलब यह है कि जहां धंधे का, पेट का, किसान और मजदूर के उद्योग का सवाल है वहां पर उन्हें सब तरह से सताये जाने की सतर्कता रखी है और जहां पर शौक के लिये जानवरों को मारा जाता है वहां पर इस बिल में किसी तरह का भी जिक्र नहीं किया गया है । जो जानवर खेती का नुकसान करते हैं, खेती को नुकसान पहुंचाते हैं उन्हें जरूरी हो तो मारना चाहिये और किसान को इसकी इजाजत होनी चाहिये । लेकिन कुछ लोगों के शौक के लिये इस तरह से पशु पक्षियों को सताया जाना कहां तक उचित है । मेरी समझ में यह बात नहीं आती है कि कुछ पुराने राजा-महाराजाओं के शौक के लिये शिकार के नाम पर बैल, भैंस और बकरियों को सताया जाता है । यह लौजिक मेरी समझ में नही आया कि यह कहा जाय कि यह तो स्पोर्ट यानी शिकार के लिये मारे जाते हैं । मैं शिकार देखने तो नहीं गया मगर चित्रों में जिस तरह से इन जानवरों को कष्ट दिया जाता है वह देखा है ।

एक माननीय सदस्य : आप भी शिकार करने जंगल जाइये ।

श्री देवकीनन्दन नारायण : मेहरबानी करके मुझे कहने दीजिये । मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं ।

SHRI M. G. REDDY: That is sport.

श्री देवकीनन्दन नारायण : तो मैं कह रहा था कि हमारे माननीय मंत्री जी जैन धर्म के मानने वाले है और जैन धर्म में यहां तक न्याय है कि चींटी तक को नहीं मारना चाहिये—सताना चाहिये ।

श्री हर प्रसाद सक्सेना : मगर आदमी को मारेंगे ।

श्री देवकीनन्दन नारायण : आज के जमाने में आदमी की कोई वकत नही रही है । आज का युग तो एटम बम का युग है, उसमें तो आदमी की कोई वकत ही नहीं है । चींटी तो अपनी जान बचा सकती है मगर आदमी अपनी जान नही बचा सकता है ।

SHRI SONUSING DHANSING PATIL (Bombay): What about killing of the human beings by exorbitant rates?

श्री देवकीनन्दन नारायण : अगर आप आदमी के बचाने का बिल ले आये तो आपकी भी दुनिया में शोहरत हो जायेगी । इस समय तो हमारे सामने पशुओं के संबंध में बिल है और उसी के संबंध मे मैं कह रहा हूं ।

आखिरी बात जो मुझे कहनी है वह यह है कि इस बिल मे शिकार के संबंध में कोई जिक्र नही किया गया है । सबसे पहली बात जो की जानी चाहिये वह यह है कि इस बिल में शौक मौज के लिये शिकार खेलना बिल्कुल बन्द किया जाना चाहिये । आपने इस बिल में लीस्ट सफरिंग शब्द का प्रयोग किया है और आगे यह भी लिखा है कि "किलिंग विद लिटिल सफरिंग', ...Least suffering—killing with little suffering—

SHRI V. K. DHAGE: Little means no suffering.

SHRI DEOKINANDAN NARAYAN: Unnecessarily cruel manner—little suffering. जब आप लिटिल सफरिंग का शब्द इस बिल में ला रहे है तो मै आपसे यह कहूंगा कि शिकार के बारे मे भी आप यह नियम कर दें कि लिटिल सफरिंग का शिकार हो ।

एक माननीय सदस्य : हलाल का क्या होगा ।

श्री देवकीनन्दन नारायण : निशाना मारना सीखने के लिये पक्षियो को मारा जाता है, इस चीज को भी बन्द किया जाना चाहिये । यह कौन सी दया, इंसानियत और मनुष्यता है कि निशाना सीखने के लिये पक्षियों को मारा जाय ? मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि निशाना सीखने के लिये पक्षियों को मारना रोका जाय ।

एक माननीय सदस्य : खाने के लिये पक्षियों को मारा जाता है ।

श्री देवकीनन्दन नारायण : आखिरी बात मुझे हलाल और झटके के बारे में कहनी है । आप इस मामले को छेड़ते नहीं हैं क्योंकि यह एक मजहबी मामला है ।

एक माननीय सदस्य : आप शायद खाते नही हैं ।

श्री देवकीनन्दन नारायण : झटके और हलाल की बात को आप मजहबी समझते हैं इसलिये आपने इस बिल में इसका कोई जिक्र नहीं किया है । हलाल का मतलब क्या है ? इस बिल मे बहुत सी ऐसी बातें हैं जो छूट गई हैं । हम मजहब के नाम पर, देवी-देवताओ के नाम पर मन्दिरों पर कई तरह का बलिदान करते हैं । इतना ही नहीं, नवरात्रि के दिनों मे घर घर में धर्म के नाम पर बलिदान किया जाता है । मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आपने इस चीज को रोकने के लिये कोई तजवीज इस बिल में रखी है ? मै आप से पूछना चाहता हूं कि पशु पक्षियों को मारने से बचाने के लिये आपने बलिदान को रोकने के संबंध में कोई तजवीज इस बिल मे क्यों नहीं रखी । आपने इस बिल में जो तजवीजें की हैं वे ऐसी तजवीजें हैं जिनसे बेचारे गरीब किसान और मजदूरों को पुलिस द्वारा और अधिक सताया जा सकेगा । इसलिये मेरी आपसे यह प्रार्थना है कि आप इस बिल को इस तरह से सुधारिये जिससे जो बातें मैंने अभी बतलाई हैं वे सब इसमें आ जायें और हमारे किसान और मजदूरों को कम से कम परेशानी हो । अगर आपने इसमें इस तरह की तजवीज नहीं की तो पशुओं को बचाने के बजाय आप मनुष्यों को इस बिल से ज्यादा तकलीफ पहुंचायेंगे ।

श्रीमती शारदा भार्गव (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का समर्थन करने के लिये खड़ी हुई हूं । परन्तु साथ ही यह भी कह देना चाहती हूं कि इसमें कुछ संशोधन की आवश्यकता है । इस संबंध में दो चार संशोधन मैं अभी सदन के सामने बतलाना चाहती हूं । और इसके अलावा जब यह विधेयक सलैक्ट कमेटी में जायेगा तब वहां पर इस पर पूरी तरह से विचार होगा ।

जानवरों के साथ निर्दयतापूर्ण व्यवहार करना अन्याय है, इस बारे में कोई शक नही है और न दो रायें हो सकती हैं । अन्याय को जहां तक रोकने का प्रश्न है वहां हर एक व्यक्ति, हर एक देश, हर एक संस्था और हर एक गवर्नमेंट का यह कर्त्तव्य है कि वह इस चीज को न होने दे और इसी उद्देश्य को सामने रख कर यह बिल लाया गया है ।

इस बिल के संबंध में अभी सदन में सदस्यों ने कुछ कमियां बतलाई हैं, उसके बारे में मैं यह कहना चाहूंगी कि जब सलेक्ट कमेटी में इस पर विचार होगा तो इन कमियों को दूर करने की कोशिश की जायेगी ताकि यह बिल अधिक अच्छा और उपयोगी हो सके । यह जानते हुये भी कि जानवरों के साथ निर्दयतापूर्ण व्यवहार करना अन्याय है, वे मनुष्य समाज के लिये अधिक उपयोगी हैं फिर भी हम अपने स्वार्थ के लिये उन पर अन्याय करके अधिक निर्दयतापूर्ण व्यवहार करते हैं जो कि हमारे लिये बहुत ही हीन बात है और हमें इसको रोकना ही चाहिये ।

हमारा देश ऋषियों और मुनियों का देश
3 P.M. है और यह कहा जाता है कि यहां पर अशोक पैदा हुये, यहां पर महावीर पैदा हुये, यहां पर महात्मा बुद्ध पैदा हुये और यहां पर

[श्रीमती शारदा भार्गव]

महात्मा गांधी जो हमारे नेता थे वे भी पैदा हुये और सभी ने हमको बतलाया कि अहिंसा का व्यवहार हमको करना चाहिये । किन्तु अहिंसा के माने यह हैं कि किसी के साथ दुर्व्यवहार या निर्दयता का व्यवहार न किया जाय । हम रोज अहिंसा शब्द का प्रयोग करते हैं परन्तु मैं यह मानती हूं कि बहुत जगह हम हिंसा करते हैं और अहिंसा अहिंसा पुकारते है । जानवरों के साथ भी दुर्व्यवहार करना हिंसा है और यदि महात्मा गांधी के मानने वाले भी हिंसा करें तो इससे ज्यादा दुख की बात क्या हो सकती है । इसलिये जानवरो के प्रति निर्दयता का व्यवहार रोकने के लिये जो विधेयक हमारे सामने लाया गया है उसको स्वीकार करना हमारा परम कर्त्तव्य है ।

कई बातें यहां पर कही गई है । एक तो शिकार की बात है । शिकार के बारे में इस विधेयक में कुछ नहीं दिया गया है । मैं भी इस बात से सहमत हू कि शिकार के लिये बड़े बड़े लोग जाते हैं, रईस लोग जाते हैं, मगर उनको सजा नहीं दी जाती है । दूसरी ओर यदि एक ग़रीब किसान या एक गरीब आदमी अपने बैलों को मारता है तो उसके कार्य को आप निर्दयता-पूर्ण व्यवहार में लाकर उसको सजा दे सकते हैं । इतना बड़ा जो शिकार किया जाता है वह सिर्फ अपनी खुशी के लिये, एक खेल के लिये, एक मजाक के लिये किया जाता है । तो फिर उसको रोकने के लिये इस बिल के अन्दर क्यों नहीं एक धारा रखी गई, यह मैं नही समझ पाई हूं । शिकार मे आदमी न केवल शेर को मारने जाता है और न केवल उसकी यह मंशा होती है कि वह ऐसे हिंसक जीवों को मार डाले जो जीवधारियों या मनुष्यों को नुक्सान पहुंचाते हैं । शिकार का मतलब सिर्फ यह होता है कि वहां जाकर पिकनिक की जाय, एक प्रकार का खेल किया जाय । शेर के अलावा और जानवरों का भी शिकार किया जाता है जो बहुत गलत है । इस लिये इस बिल मे शिकार के लिये एक धारा आनी ही चाहिये ।

इसके अतिरिक्त मुझे मालूम है कि बहुत से राजाओं महाराजाओं के यहां यह प्रथा है कि कुछ त्यौहारों पर वे बलिदान करते हैं और ऐसे बलिदानों को रोकने के लिये इसमें कुछ नहीं दिया गया है । धर्म के नाम पर भी यदि कही हिंसा होती है तो उसको हमें रोकना चाहिये । मैं समझती हूं कि धर्म के जो सिद्धांत है उनमे हिंसा कहीं नहीं मानी गई है । यह दूसरी बात है कि हम धीरे धीरे हिंसक हो गये हैं और यही कारण है कि राजाओं महाराजाओं के यहा दशहरा और अन्य त्यौहारों में बलिदान होते हैं और यह कहा जाता है कि यह हमारा धर्म है और इसको हमें मानना चाहिये ।

डा० रघुबीर सिंह (मध्य प्रदेश): आपने वेद नहीं पढ़े हैं । जो बलिदान की पुरानी प्रथा है उसका शायद आपको पता नहीं है, इसी लिये यह कह रही है कि राजे महाराजे बलिदान करते है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्या० सु० तन्खा) : जब आप बोलेंगे तब बतला दीजियेगा ।

डा० रघुबीर सिंह : मैं बीच में गलतिया सुधारना चाहता हू ।

श्रीमती शारदा भार्गव : गलती आप ही कर रहे है और वेद का नाम लेकर मुझे गलत बता रहे है । वेद का नाम लेकर वेद को अपवित्र न कीजिये ।

डा० रघुबीर सिंह : अगर वेद में न होता, वैदिक धर्म में न हो...

SHRIMATI SHARDA BHARGAVA: I am not yielding, Sir. He is disturbing me.

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

धर्म के नाम से जो हिंसक कार्य होते है उनको करने के लिये हम धर्म की आड़ न लें । धर्म के माने कर्त्तव्य होते हैं और कर्त्तव्य

के अन्दर हिंसा करना कभी उचित नहीं हो सकता। इसलिये धर्म के अन्दर अगर हिंसा आती है तो उसको रोकना सरकार का कर्त्तव्य है। मांस खाने के सम्बन्ध में मैं यह नहीं कहती कि जो मांस खाते हैं वे बुरा करते हैं, मगर पशुओं को मारने का तरीका बहुत ही ग़लत है। जानवरों के भी दिल होता है और उनको भी दुःख होता है। यदि कोई किसी चिड़िया को मार डाले तो थोड़ी देर बाद आप देखेंगे कि जहां कहीं उसका कोई टुकड़ा पड़ा होगा वहां पर उसके बच्चे आ कर बैठ जायेंगे। इससे स्पष्ट है कि पशु और पक्षियों में भी मां, पुत्र या पुत्री का दिल होता है और उनको भी दुःख होता है। इसलिये किसी भी जानवर को मार डालने से किसी न किसी को दुख होना जरूरी है जिस तरह से जब किसी मनुष्य का कोई रिश्तेदार मार डाला जाता है तो उसको दुःख होता है। अन्तर केवल इतना है कि जानवर मूक हैं और हम लोग बोल सकते हैं और छोटी से छोटी बात को भी एक्सप्रेस कर सकते हैं। वे मूक हैं, इसलिये उनके साथ अन्याय किया जाय, यह बहुत ही गलत है।

बहुत से लोग धीरे धीरे जानवरों को मारना अपना धर्म समझते हैं। अगर सचमुच कोई ऐसा जानवर हो जो हिंसक हो तो उसको भी एकदम मार देना चाहिये। उसको भी धीरे धीरे मारने वाला और तक्लीफ देने वाला तरीका नहीं होना चाहिये। इसलिये हमें यह नियम बना देना चाहिये कि धीरे धीरे मारने वाला तरीका बन्द कर दिया जाय। जो समाज के लिये हानिकारक जानवर हों उनको भी बिजली से या और किसी तरह से एक दम ही मारना चाहिये।

इसके अतिरिक्त बहुत से जानवर इसलिये मारे जाते हैं कि उनकी दवा बनाई जाती है, उन पर अनसंधान किया जाता है। मैं यह मानती हूं कि समाज के लिये मनुष्यों का जीवन बहुत उपयोगी है, लेकिन अगर उनकी दवा के लिये कोई दूसरी चीज न मिल सके तभी जानवरों के ऊपर अनुसंधान किया जाय। इस सम्बन्ध में जो तरीका हमारे समाज में अपनाया जा रहा है वह मुझे पसन्द नहीं है। मैं अभी एक पैम्फलेट पढ रही थी कि यहां से बंदरों को किस प्रकार एक्सपोर्ट किया जाता है। मैं एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट की बात कहना नही चाहती, मगर यह जरूर कहना चाहती हूं कि बंदरों को एक्सपोर्ट करने का जो तरीका है वह बहुत ही निकम्मा है। तो अभी जो पैम्फलेट मैं पढ़ रही थी उसमें लिखा था कि लखनऊ से कुछ बन्दर दिल्ली लाये गये और जिन डिब्बों में वे बन्द थे उन डिब्बों को दिल्ली में रेल से उठा उठा कर फेंका गया। क्या उनको चोट नहीं लगती होगी ? जब हम जीवधारियों को एक्सपोर्ट करते हैं तब हमें उनके अनुसार ही डिब्बे बना करके उनको बन्द करना चाहिये और जीवधारियों की तरह उनके साथ व्यवहार करना चाहिये। उसके बाद यह हुआ कि जो बंदर बाहर भेजे गये उनमें बहुत से मर गये क्योंकि ठीक हवा नहीं पहुंची या उनको पूरा खाना नहीं दिया गया। तो जहां बंदर एक्सपोर्ट करके जाते हैं वहां वे पूरे इसलिये नहीं पहुंचे क्योंकि बीच में उनको बहुत सी यातनायें सहनी पड़ीं और उनमें से बहुत से मर गये। इसलिये यह जो एक्सपोर्ट का तरीका है इसको बन्द करना चाहिये। वैसे भी जानवरों पर अनुसंधान करने के बजाय यदि वनस्पति से वही दवायें मिल सकें तो ज्यादा उपयोगी होगा। लेकिन शायद आज के साइंटिस्ट्स और डाक्टर्स यह मानते हैं कि उनकी साइंस जिस तरह की है वही सही है। जो हमारी वैद्यक की पुरानी प्रणाली है उसमें वनस्पति की बहुत सी ऐसी दवायें हैं जो अब भी काम में आ सकती हैं और अगर साइंटिफिक तरीके से उनको काम में

[श्रीमती शारदा भार्गव]

लाया जाय तो वे बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। परन्तु वैद्यक शास्त्र की जो दवायें हैं उनको काम में न ला कर हम नये तरीके पर जानवरों के ऊपर अनुसंधान करके दवायें बनाते हैं और यह समझते हैं कि यही एक उपयोगी तरीका हो सकता है। इसलिये जहां तक हो सके अगर वनस्पति से कोई दवा मिल सकती हो तो जानवरों पर अनुभव न किया जाय।

एक दूसरी बात यह है कि आज लोग पैसे के बहुत लालची हो गये हैं। कई दफा वे जानवरों को इसलिये दुःख देते हैं ताकि वे पैसा कमा सकें। कुछ वर्ष पहले की बात मुझे याद है कि एक आदमी पैसा मांगने के लिये एक गाय ले कर आया और यह पुकारने लगा कि पांच पैर की गाय देखिये, पांच पैर की गाय के लिये पैसा दीजिये। अब आप देखिये कि पांच पैर की गाय वह किस तरह से हो गई। किसी और गाय का एक पैर उसके शरीर में किसी तरह से सी दिया गया था और इस प्रकार यह प्रदर्शन किया जा रहा था कि वह स्पेशल गाय पैदा हुई है ताकि लोग उसका दर्शन करें और पैसा दें। तो इस तरह का पैसा पैदा करने का तरीका बन्द होना चाहिये और इस पर बहुत सख्ती से काम लिया जाना चाहिये। मनुष्य यदि जानवरों पर निर्दयता करता रहेगा, तो एक दिन ऐसा समय आ सकता है जब उसका दिल बहुत कड़ा हो जाय और वह अपने से कमज़ोर आदमियों पर उसी प्रकार निर्दयता करने लगे। मैं इस बात को मानती हूं कि जो मनुष्य जानवरों पर निर्दयता करते हैं या जो मनुष्य शिकार खेलते हैं वे कमज़ोर आदमियों के साथ बड़ी बुरी तरह व्यवहार करते हैं। इसके माने यह हैं कि जानवरों के साथ निर्दयता करते करते उनका दिल इतना कड़ा हो जाता है कि जानवरों की तरह वे अपने से कमज़ोर आदमियों के साथ भी व्यवहार करने लगते हैं। इसलिये शुरू से ही निर्दयता को रोका जाय। जिसको अपना काम निकालना हो वह दया भाव से अपना काम निकाले।

इस विधेयक के सम्बन्ध में मैं एक दो अमेंडमेंट बताना चाहती हूं जिन पर मुझे आशा है सिलेक्ट कमेटी ध्यान देगी। मेरा अमेंडमेंट यह है। चैप्टर २ में, पेज ३ पर "एनिमल वेलफेयर बोर्ड" के बारे में जो धारा दी गई है उसमें दो सुझाव मैं देना चाहती हूं। वहां धारा ५ की उपधारा "ई" में यह लिखा है :

"(e) one person representing each of the municipal corporations of Bombay, Calcutta and Madras, to be elected in each case by the members of the Corporation concerned from among themselves;"

इसमें मैं चाहती हूं कि तीन मेम्बरों के बजाय ६ मेम्बर्स कर दिये जायं। तीन मेम्बर तो इसमें हैं ही लेकिन इनके अलावा एक दिल्ली का रिप्रेजेनटेटिव होना चाहिये और दो किन्हीं और बड़े शहरों की म्युनिसपैलिटियों के रिप्रेजेनटेटिव्ज़ होने चाहियें।

इसके अतिरिक्त एक और उपधारा इसमें होनी चाहिये जिसमें यह हो कि हैल्थ, एजुकेशन, इंफार्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग, ट्रांस्पोर्ट और फाइनेंस, इन पांच मिनिस्ट्रियों के रिप्रजेनटेटिव्ज़ इसमें होंगे। यह मेरा सुझाव है। इन मिनिस्ट्रियों का इस बिल से काफी सम्बन्ध है—स्वास्थ्य के बारे में तो इसमें कई जगह नाम आया है और पैसे के बिना भी काम नहीं होता है—इसलिये इन पांचों मिनिस्ट्रियों का इससे बहुत सम्बन्ध है और इन पांचों मिनिस्ट्रियों का एक एक रिप्रेजेनटेटिव इसमें होना चाहिये।

इसके अतिरिक्त मुझे यह कहना है कि अभी जो एनिमल वेलफेयर कांफ्रेंस हुई थी उसने बहुत सारे सुझाव दिये हैं और मैं चाहती हूं कि सेलेक्ट कमेटी उन सुझावों पर काफी विचार करे और यदि उचित समझे

तो उनमें से अधिक से अधिक मानने की कोशिश करे । इन संशोधनों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करती हूं ।

SHRI BIBUDHENDRA MISRA (Orissa): Mr. Deputy Chairman, while I fully appreciate the great moral height from which the problem of animals, excluding human beings of course, has been considered in the proposed piece of legislation, I am afraid that the Bill, as it is, will not be able to solve the problem at all, and it will not be able to meet the purpose for which it has been framed. I can understand if there had been a complete ban on killing of animals altogether, but I cannot understand a law which permits the killing of animals—does not prohibit it at all—but wants that unnecessary pain should not be inflicted on them even while killing. It seems to me that it is just like granting the prayer of Shylock 'you are allowed to take your pound of flesh but beware, we would not allow you to shed even a drop of blood'. It is just like that. Most unfortunately, as it would be seen, the only aim of the Bill is that no unnecessary pain should be inflicted and the phrase 'unnecessary pain' has not been defined anywhere at all in this Bill. That will lead to all kinds of complications and it will defy judicial pronouncements also. It will be difficult to prove a case or decide whether unnecessary pain has been inflicted on an animal.

Take for example the penal clause, the main clause in the Bill, clause 11, which enumerates a number of cases in which either the owner or any other person can be convicted in a court of law. Take sub-clause 1(e) of clause 11; it says:

> "keeps or confines any animal in any cage or other receptacle which does not measure sufficiently in height, length and breadth to permit the animal a reasonable opportunity for movement."

It means that this does not stop here and either by rules or somewhere else you have also to lay down the exact height, length and breadth of receptacle that is necessary for different kinds of animals. Take again sub-clause (f) on which Dr. Bose dwelt at length. You have to lay down for how many hours during a day dogs of different breeds can be chained and for how many hours during a day dogs of different breeds have to be let out for exercise. So far as sub-clause (h) is concerned, it is strange that whereas the law enjoins that the owner must provide the animals with proper and sufficient food, drink or shelter, the capacity of the owner—whether the owner is in a position to incur the necessary expenditure for these things—has not been taken into consideration. Even in industrial law, the capacity of the industry to pay is always taken into consideration. It is strange that whereas human beings are allowed to starve, their starvation is not taken into consideration at all, but they are required here under this law to give proper and sufficient food, drink and shelter to the animals simply because they happen to be the owners.

So far as second conviction is concerned, there is a limitation of three years and clause 35 also places a limitation of three months. I am not going to deal with them at all. If at all the Committee thinks that it is desirable to proceed with this Bill it is for them to determine whether the limitation should be three years in the case of second conviction and three months in the case of initiation or something else. I would only pose a simple question—is it at all necessary at this stage of our national life to incur such a heavy expenditure, as we are now going to do, just on a fad? Is it necessary that the Police should be armed with such huge powers? We should see whether—after all we are going to multiply the number of cases in law courts—we are going to fulfil the purpose of the Act or not. This is a time when even in this Capital city of Delhi we find in the main centres of the city beggars moving about, thousands in number, and their problem is acute and needs solution Sir, hon. Ministers have

[Shri Bibudhendra Misra.]

stated on different occasions in Parliament that so far as domestic servants are concerned there is difficulty in making a comprehensive law to relieve the domestic servants of the cruelty that is meted out to them. It is time that if at all Parliament is thinking in terms of prevention of cruelty to animals, there should be a law for the prevention of cruelty to human beings first. If we are serious about the purpose which we have undertaken, if we are really serious to solve the problem of unemployment which still persists, if there is seriousness to tackle the problem of population which is growing year by year, and if we are really serious to save and spend the last pie of the national wealth for the coming third Five Year Plan, it is high time that we desist from entertaining such fads and wasting money from the public exchequer. I would request the Joint Select Committee to consider the problem from this angle. Sir, I conclude.

श्री पां० ना० राजभोज (मुम्बई) : उपसभापति महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। इसका कारण यह है कि यह बिल जो है इसकी रचना मानवता की दृष्टि से हुई है। भारत भूमि पुराने काल मे ही प्राणियों पर दया करना सिखाती है। मानव धर्म में प्राणियों के प्रति सद्भावना, दया और प्रेम आ जाता है। हमारी भूमि में भगवान् गौतम बुद्ध का जन्म हुआ, उनका अवतार हुआ और उनकी यह शिक्षा है कि सारे विश्व को अपने समान मानना। इसको वसुधैव कुटम्बकम की भावना बोलते हैं। जैसा हम मानवों को जीवन धारण करने का अधिकार है वैसा ही प्राणियों को भी है—जीवो जीवस्य जीवनम्। और हमारे संविधान में भी इस बात को लिखा गया है। संविधान के अनुच्छेद ४८ में लिखा हुआ है कि :

"The State shall . . . take steps for preserving and improving the breeds, and prohibiting the slaughter of cows and calves and other milch and draught cattle."

तो यह बिल जो १८९० के कानून को रिपील करता है वह बड़ी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही लाया गया है। जैसा कि आब्जेक्ट्स एंड रीजंस में बताया गया है, १८९० का कानून सिर्फ घरेलू प्राणियों (डोमेस्टिक एनिमल्स) पर लागू था और वह भी शहर में, देहातों में नहीं। निर्दयता की व्याख्या भी अपूर्ण और संकुचित थी। हमारी बहिन श्रीमती रुक्मिणी देवी जी ने बड़ा परिश्रम करके इसके बारे में जो कष्ट उठाया है उसके अनुसार यह रिपोर्ट तैयार की है जो कि बिल की सूरत में हमारे सामने आया है। उपसभापति जी, रिपोर्ट पर जल्दी विचार करके सरकार ने उसकी सिफारिशों के आधार पर जो यह बिल तैयार किया है उसके लिये वे हमारा धन्यवाद लिये हैं।

श्री व्यंकट कृष्ण ढगे : धन्यवाद दिये है या लिये हैं ?

श्री पां० ना० राजभोज : धन्यवाद लिया है।

प्राणियों पर निर्दयता क्या होती है उसकी लम्बी व्याख्या बिल में दी हुई है। परन्तु सबसे महत्व की बात व्याख्या करने की नहीं है किन्तु जो निर्दयता होती है उसका प्रतिबन्ध कैसे किया जाय, जो इस सिलसिले में अपराधी हों उनको कानून के मुताबिक कैसे सीधा करना है, यह बात अधिक महत्व की है। इसलिये इसे एक सामाजिक कानून मान कर लोक जागृति की आवश्यकता है। उपसभापति महोदय, हम में और प्राणी मात्र में एक नैसर्गिक सम्बन्ध है। ऐसी जागृति होनी चाहिये। समाज कार्यकर्ताओं की मदद से यह हो सकता है, पुलिस अफसरों से ही नहीं। इसलिये मैं प्रार्थना करूंगा कि जब एनीमल वैलफेयर बोर्ड स्थापित किया जाय तब उसमें समाज कार्यकर्ताओं का अधिकांश रूप से समावेश होना चाहिये।

श्री ए० पी० जैन : वह तो है।

श्री पां० ना० राजभोज : है तो ठीक है, आनंद की बात है । मैं समझता हूं कि २५,००० रु० की जो ग्रांट आपने रखी है वह बहुत कम है । मैं चाहता हूं कि थर्ड प्लान में उनके लिये ज्यादा से ज्यादा करोड़, डेढ़ करोड़ रुपये से भी ज्यादा रखने की आवश्यकता होगी । क्योंकि पैसा कम होने से काम कैसे होगा । जब हम इतने बड़े महत्व के बिल का समर्थन कर रहे हैं तो उसमें ज्यादा से ज्यादा रकम रखने की आवश्यकता है । बगैर रुपये के काम नहीं चल सकता । तो थर्ड प्लान में इसके लिये आप कोशिश करिये ।

हमारे खाद्य मंत्री जी जैन हैं और जैन नाम भी बड़ा अच्छा है । अहिंसा परमोधर्मः के मानने वाले हैं । हमें बड़ा आनंद होता है कि वे यह बिल आज यहां पर लाये हैं । निर्दयता के बारे में हमारे देवकीनन्दन जी ने तमाम बातें कही हैं । मैं लोगों से मास न खाने का अनुरोध कर रहा हूं । हमारे यहां झटका की एक गलत पद्धति का समावेश किया गया है । हमारे यहां जानवरों को जिस तरह से मारा जाता है उसमें बहुत निर्दयता और क्रूरता से काम लिया जाता है, जैसे कि हलाल और झटका को ही ले लीजिये । हमारे सिख भाई झटके का मटन खाते हैं । भारत में बहुत से खटिक हलाल की पद्धति से मांस बनाते हैं । सिख लोग झटके की पद्धति से बना हुआ मांस लेते हैं । ज्यू लोग शचिटा पद्धति का अवलंबन करते हैं जो हलाल के माफ़िक ही होता है । तो उपसभापति महोदय, ऐसी पद्धतियों से प्राणी को दुःख और तीव्र वेदना होती है । इसलिये इस चीज का भी व्याख्या में समावेश होना चाहिये, वह हुआ नहीं है । जानवरों को जमीन पर डाल कर उनको काटना, इसमें उनका खून बहता रहता है और अपनी जान के लिये वे तड़पते है । दूसरे जानवर भी यह अत्यन्त घृणास्पद दृष्य देखते हैं तो भय से चिल्लाते हैं । ये सारी बातें खटिक खाने में चलती हैं और इनको बंद करना चाहिये । (*Interruptions*) इसलिये इस तरह की निर्दयता का समावेश भी कानून में होना चाहिये ऐसा मैं आपके जरिये से प्रार्थना करना चाहता हूं । यह कहा गया है कि :

> "The sight of cutting the throats of the animals thrown down for the purpose, etc., etc., is for the Gods to see and not for men who have any feeling of love for animals".

इसलिये खटिक खानों की परिस्थिति में सुधार होना आवश्यक है । जानवरों को काटने का काम एक अलग कमरे में होना चाहिये और काटने के समय दूसरा बकरा वहां नहीं होना चाहिये क्योंकि उसका एफेक्ट उस पर जरूर होता है ।

श्रीमती कृष्णा कुमारी (मध्य प्रदेश) : क्या फर्क पड़ेगा उससे ?

श्री पां० ना० राजभोज : आप जरा सुनिये । एक प्राणी को काटने के बाद उस जगह को साफ करके, खून के दाग निकालने के बाद ही दूसरा प्राणी वहां काटना चाहिये । मैं जापान गया था तो मैंने वहां एक भी जानवर नहीं देखा । जापानी लोग अपनी पद्धति से चावल बनाते हैं लेकिन मांस व पशु वहां पर आस्ट्रेलिया से आता है । और अगर वह पशु डाक्टरी जांच में नीरोग होता है तभी वहां काटते हैं ।

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : वहां सब बुद्धिस्ट हैं ।

श्री पां० ना० राजभोज : कृपा करके शांत रहिये । हमारे खटिक खानों में पशुओं के साथ बड़ी निर्दयता का व्यवहार होता है । हमारे देश में कई प्रकार की निर्दयता बरती जाती है । मुझ से पूर्व भाई ने अभी बहुत अच्छा भाषण दिया । उन्होंने कहा कि गांवों में जो गरीब लोग काम करते हैं उनका जमींदार लोग गला काटते हैं । यद्यपि मेरे वे भाई अपोजीशन के हैं लेकिन फिर भी जो बात उन्होंने कही मुझको पसन्द आई । आज मनुष्यों के साथ

[श्री पां० ना० राजभोज]

पशुओं के तुल्य व्यवहार होता है । आज हम तुलसीदास का वह उपदेश भूल गये कि : "दया धरम को मूल है, नरक मूल अभिमान, तुलसी दया न छोड़िये जब तक घट में प्राण" । हमारे शास्त्रों में कितनी अच्छी अच्छी बातें लिखी हैं फिर भी हमारे ही देश में हरिजनों के ऊपर कितना जुल्म होता है, कितनी निर्दयता बरती जाती है । हम लोग गुलाम समझे जाते हैं । आज महात्मा गांधी के फ़ालोअर हम लोग है और उनकी दृष्टि से हम इस प्रश्न पर विचार करेंगे । तथा गौतम बुद्ध की दृष्टि से हमें तमाम बातो पर विचार करना चाहिये । कई तरह की क्रुएल्टीज आज समाज के अंदर मौजूद है । रुक्मिणि देवी जी बुद्धिस्ट फैमिली की हैं, उन्होंने कितना परिश्रम करके, कितना कष्ट करके बड़ी दिलचस्पी के साथ यह बिल यहां लाने में अपना सहयोग दिया है । इसलिए मै प्रार्थना करना चाहता हूं, उपसभापति महोदय, कि हमारे मंत्री महोदय उन सब बातों के ऊपर ध्यान रखेंगे । प्राणियों को मारने के लिये जो शास्त्रीय उपकरण उपलब्ध है उनका अवलम्बन करना चाहिये जैसा कि अमेरिकन ह्यूमन एसोसियेशन ने प्रसिद्ध किया है । उन्होंने १. कैप्टिव बोल्ट पिस्तौल २. कार्बन डाइ-आक्साइड इम्मोबिलाइज़ेशन चेंबर ३. दी इलेक्ट्रिक नाइफ फार स्टनिंग एंड स्लाटरिंग एनिमल्स और ४. दी न्यू स्टनिंग इन्स्ट्रूमेंट आफ रेमिंगटन आर्म्स कम्पनी वगैरा ह्यूमन किलर्स बताये है । उनका अवलम्बन करना चाहिये और एनिमल वेलफेयर बोर्ड को उनका इस्तेमाल करने के लिये पैसा देना चाहिये । और प्राणी की उपस्थिति में दूसरे प्राणी को मारना कानूनी अपराध बनाना चाहिये । इस कानून के साथ ही साथ एक एनीमल कोड बना कर लोगों को दीन और बचावहीन प्राणियों के प्रति उनकी जिम्मेदारी क्या है यह मालूम कराना चाहिये । सरकार को मीट इंसपेक्शन और खटिक खाने के इंसपेक्शन के लिये माडल रूल्स एंड रेगुलेशंस बना कर खटिक खाने के अंदर भी जो क्रुएल्टी प्रेक्टिस होती है उसको बन्द करना चाहिये । कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पर इस बात पर काफ़ी विचार किया है । उपसभापति महोदय, एक दूसरी भी समिति खटिक खाने पर ही नियुक्त की गई थी । लेकिन इस बिल में उसका कुछ ज़िक्र नही है । मैं मानता हूं कि खटिक खाने की व्यवस्था राज्य का विषय है किन्तु, यूनियन टेरीटरीज़ में तो मध्यवर्ती सरकार का ही अधिकार है । और दूसरी बात यह है कि जब तक खटिक खाने की निर्दयता का प्रश्न है तब तक वह क्रूएल्टी टू एनिमल्स के सिलसिले में है । इस लिए मेरी प्रार्थना है कि सेलेक्ट कमेटी इस बात पर ध्यान देगी और खटिक खाने में होती हुई निर्दयता को प्रतिबंधित करने के लिये बिल को कुछ न कुछ तरमीम करेगी ।

अन्त में मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि जो जानवर बाहर भेजे जाते हैं उनके बारे में सरकार को कोई निश्चित नीति अपनानी चाहिये । सरकार को इन जानवरों को बाहर भेजने से अवश्य फारेन एक्सचेंज मिलता है मगर हमारा देश एक अहिंसावादी देश है और यहां से जो बंदर बाहर भेजे जाते हैं उन्हें रास्ते में कई तरह का कष्ट होता है और बहुत से मर भी जाते हैं जहां पर वे जाते है वहां पर उन्हें परीक्षण के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है और वे अक्सर मर भी जाते है । सरकार को इस तरह के जानवरों को बाहर भेजने की एक लिमिट बना देनी चाहिये और उसके मुताबिक ही चलना चाहिये ।

उपसभापति महोदय, प्राणियों के ऊपर निर्दयता कम करने के उपाय के बारे में हमें ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिये । देश भर में जितने प्राणी हैं और उनके ऊपर जिस जिस तरह की निर्दयता की जाती है उन सब को दूर करने का उपाय हमें करना चाहिये । जब तक हम इस तरह का इलाज नही करेंगे तब तक हम अपने मकसद में कामयाब नही हो सकेंगे । भगवान बुद्ध ने पंचशील और अहिंसा का समर्थन किया है । हम पंचशील

का नारा लगाते हैं और पंचशील में क्या है । जैसा कि भगवान बुद्ध ने कहा है :

"१. पाणातिपाता वेरमणी—सिम्खा पद समादियामि ।

२. अदिन्नादाना वेरमणी—सिम्खा पदं समादियामि ।

३. कामेसु मिच्छा चारा वेरमणी—सिम्खा पदं समादियामि ।

४. मुसावदा वेरणी–सिम्खा पदं समादियामि।

५. सुरा–मेरय–मज्ज–पमादट्ठाना वेरमणी —सिम्खा पदं समादियामि । "

वे हमें यह बतलाते है कि प्राणिमात्र पर हिंसा नहीं करनी चाहिये, सत्य बोलना चाहिये और सब के साथ दया का व्यवहार करना चाहिये । अहिंसा की दृष्टि से भगवान बुद्ध की शिक्षा बहुत बड़ी है । जैन और बुद्ध धर्म का रिश्ता बहुत नजदीक का है । जैन मुनि लोग तो सवेरे नाक मुह बन्द करके पाखाना जाते है और चींटी तक को पांव के तले मारना पाप समझते हैं । यह कितनी दुःख की बात है कि आज हम अपने चारों तरफ हिंसा ही हिंसा देखते हैं । इस चीज़ को रोकने के लिये हमें कुछ न कुछ रास्ता निकालना ही होगा । हम सब लोग पार्लियामेंट में आये हैं और इस देश में एक समाजवादी समाज की रचना करना चाहते है तो हमें सब को समान दृष्टि से देखना चाहिये । और सबके साथ समान दृष्टि से दया का बर्ताव करना चाहिये । इस तरह से सब लोगों को भोजन और वस्त्र बराबर मिलने चाहियें । हमें किसी को नीचा नहीं समझना चाहिये । मैं पहले थोड़ा सा अहिंसावादी हो गया था जैसे कम्युनिस्ट लोग आजकल हो गये है, वे अहिंसा की बातें करते हैं । लेकिन हमारे श्री भूपेश गुप्त जी मेरे भाषण को सुन कर शान्त हैं और ऐसा लगता है कि मेरे भाषण का उनके ऊपर काफी प्रभाव पड़ा हैं । मैं यह चाहता हूं कि जिस तरह से हम एनिमल क्रुएल्टी को दूर करने के बारे में यहां बातें कर रहे हैं उसी तरह से उनकी पार्टी को क्रुएल्टी बन्द कर देनी चाहिये । क्रुएल्टी के माने सब प्रकार की क्रुएल्टी के होते हैं । "सत्यमेव जयते " सत्य की हमेशा विजय होती है ।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): The hon. Member is speaking on Panchsheel and various other things. If it is a reference to us, then he should speak slowly or in English so that we can understand. Panchsheel and everything have come there.

THE DEPUTY MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI LAKSHMI MENON): He says you look so gentle as a result of the speech.

श्री पां० ना० राजभोज : आपको हिन्दी सीखनी चाहिये क्योंकि यह राष्ट्रभाषा है ।

मेरे भाई साहब की आवाज आज कितनी शान्त और गम्भीर हो गई है । अब वे इतने जोर से नहीं बोलते हैं :

Cruelty to human beings should be controlled before you think of controlling cruelty to animals.

SHRI BHUPESH GUPTA: I do not think it is relevant to the subject of prevention of cruelty to animals.

श्री पां० ना० राजभोज : मैं आप से यह कह रहा हूं कि आप लोगों ने जो हिंसा . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: I hope Mrs. Arundale has understood his points.

श्री पां० ना० राजभोज : मेरे कहने का मतलब यह है कि सब प्रकार की क्रुएल्टी बंद की जानी चाहिये । मुझे दुःख है कि मेरे भाई मेरी बात को नहीं समझ रहे हैं । वे बड़े नेता हैं अगर वे प्रेम से कोई बात प्रारम्भ करेंगे तो अच्छी बात सम्पन्न होगी । हर धर्म में प्रेम और दया की बात बतलाई गई है और इसी लिए इस तरह का बिल आज जानवरों के लिए पार्लियामेंट में लाया गया है । हमारे यहां जितने जानवर हैं और उनके ऊपर जो क्रुएल्टी की जाती है वह इस बिल द्वारा दूर

[श्री पां० ना० राजभोज]

हो जायेगी । इस से पहले मनुष्यों के ऊपर निर्दयता को दूर करने की आवश्यकता है । मैंने इस संबंध में जो सुझाव दिये हैं आशा है माननीय मंत्री जी उनकी ओर अवश्य ध्यान देंगे और इस बिल मे उनको लाने की कोशिश करेंगे । मेरे ऊपर भी क्रुएल्टी हुई थी इसी लिए मैं डैमोक्रेसी की ओर आया जहां पर डिक्टेटरशिप नहीं है । डैमोक्रेसी में क्रुएल्टी नहीं होती है । यह बिल जो आज सदन के सामने लाया गया है वह इसी उद्देश्य से लाया गया है कि सब प्राणियों के साथ दया, प्रेम और शान्ति का व्यवहार किया जाय । किसी के साथ निर्दयता और मारपीट नहीं की जानी चाहिये । मैंने अपने भाषण में खटीक और सिखों की बात कही थी तो मेरे कहने का मतलब यह है कि डैमोक्रेसी की बातों को अमल में लाने का इंतजाम किया जाना चाहिये । आप सब लोगों ने मेरी टटीफूटी हिन्दी शान्ति के साथ सुनी जिसके लिये मैं आप सब लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं । मैं फिर माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस बिल के संबंध में जो बातें मैं ने अभी बतलाई उनके ऊपर अवश्य गौर करेंगे । इस संबंध में मैं भविष्य में भी उनके सामने और बातें रखने की कोशिश करूंगा ।

SHRI J. S. BISHT (Uttar Pradesh): Mr. Deputy Chairman, I rise to support this Bill which has been brought by the hon. Minister before this House for reference to a Joint Select Committee, and in supporting this Bill I must also congratulate Mrs. Rukmini Devi Arundale for the perseverance with which she has pursued this subject since her Bill was withdrawn four or five years back. We already have a law on the Statute Book on the subject of prevention of cruelty to animals. I have had something to do with that because in my own area I was a member of what was called the S.P.C.A., the Society for the prevention of Cruelty to Animals, and in enforcing that law we found the greatest difficulty because there was no particular plan as to how the prosecutions were to be launched in cases where cruelty to animals was discovered. So we had in that town about twenty members of the S.P.C.A., and we raised about Rs. 5 a month each, so that we had a fund of Rs. 100 a month and we placed a man in charge who was a sort of inspector on Rs. 50 and the balance of Rs. 50 was spent mostly for challans and things like that in the court. Thus prosecutions used to be launched in cases where cruelty to animals was practised in that particular town.

Therefore, as I was submitting, I have the greatest sympathy with the Bill. I was only surprised that certain extraneous considerations were introduced in the speeches of some of the hon. Members who preceded me. Firstly, certain religious considerations were put in. After all merely by legislating in Parliament or in a local Legislature you cannot get things done. It is an utter impossibility. The very first principle of legislation is that it should be in conformity with general public opinion, and if it is too much in advance of public opinion or too much in advance of public conscience, as I might put it, then the law defeats itself. It will never be enforced and nobody will have any sympathy for that particular piece of legislation. Therefore, whatever may be the other reasons and whatever may be our personal feelings, in this vast sub-continent of four hundred million people in various stages of civilisation, as I might put it, from the remotest corners of inaccessible areas to the most sophisticated places like Calcutta, Bombay or Delhi, we have to see how this law will be actually enforced in the country as a whole and what the machinery will be by which this law will be enforced.

Then there was another point, for instance, the question of shikars. I believe those gentlemen who were speaking against this were vegetarians or people totally opposed to any sort of slaughter of animals. But there are communities in India who are very fond of shikar, and can you send a

whole community to jail or prosecute them? Then the law will defeat itself. However desirable it may be you cannot do that. For instance, in the area from which I come, Kumaon Hills, hundred per cent. of the people are non-vegetarian and are very fond of shikar. Probably the same is true of Himachal Pradesh, the same is true of Kashmir, the same is true of Assam and the hill areas, and in many other areas there are the martial races like Dogras, Jats, Rajputs, Mahrattas, Sikhs, etc. You cannot put in a law which will ban all such communities from that as if they are criminals when these communities themselves do not recognize it as such. Similarly to state that certain Rajahs and Maharajahs do certain sacrifices on festival occasions is not correct. I think most of the people who have been to Calcutta have been to Kalighat, to the Temple there. Goats are sacrificed there. It is not the Rajahs and Maharajahs who do that. You can go and see any day, specially during Navarathri, that hundreds and thousands of goats are killed. They are not killed by Rajahs but by very ordinary people, people of all classes and creeds. But that is their religious belief and you cannot stop that. Similarly, there are other ways of slaughtering animals by *halal*. That is not exactly a very proper way of slaughtering an animal. I believe it is painful to those animals, but there are large sections of people who do not eat meat killed by *jhatka*. What are you going to do with them? I remember, in 1937 there was a proposal by the then Government of India to have a certain machinery or plant installed for the slaughtering of animals very humanely, and there was a big agitation throughout India—I think this was called abattoir—and the then Viceroy, Lord Linlithgow, was compelled to abandon that proposal even after spending some money. That shows that we have to move in this matter very carefully and cautiously so that the law that we pass should succeed to the extent that it is passed. Otherwise, if we go forward too much, if we are too much in advance of our times or in advance of public opinion, the law will defeat itself.

Therefore, with these considerations I submit that clause 11 requires to be very carefully considered and examined. I am looking at it purely from the point of view of the law courts, how the law will function there. In sub-clause (1)(a), I think these words—'beats, kicks, over-rides, over-drives'—should be deleted, because it is very difficult to prove them in a court of law.

> "beats, kicks, over-rides, over-drives * * * so as to submit it to unnecessary pain or suffering . . ."

It is very difficult to prove them. I mean, if you go to a court of law, you must be able to substantiate your charge by positive evidence on that particular point. What will be the positive evidence to show that it was over-ridden or over-driven in a manner as to subject it to unnecessary pain or suffering? The other words are quite all right—'over-loads, tortures'. 'Or otherwise treats any animal' is comprehensive enough to cover all these things. Therefore, my submission is that the words 'kicks, beats, over-rides, over-drives' are superfluous words which are likely to lead to a little confusion.

With regard to sub-clause (c)—

> "wilfully and unreasonably administers any injurious drug or injurious substance to any domestic or captive animal or wilfully and unreasonably causes or attempts to cause any such drug or substance to be taken by any domestic or captive animal;"

that again I was wondering how it will be proved in a court of law, because if a man administers any drug, then whether he has administered it or who has administered it, how will it be proved in a court of law? I mean, what will be the evidence? Who will be the witness about it? And we know, for instance, in the case of poison, we have to take all the human excreta, we have to send it to the Chemical Examiner and his report comes and even then, there is the challenge in the court of law. So in

[Shri J. S. Bisht.]

the case of animals, it is difficult to prove. Apart from that, as my friend, Mr. Deokinandan Narayan, was saying, veterinary hospitals and veterinary surgeons are not plentiful in our country. So in the countryside whenever an animal falls ill—a bullock or a cow—the local doctor, or a quack doctor as you might call him, is brought in and he administers certain drugs with a view to curing the animal. Actually, that may not cure the animal at all. It may be something which is injurious. But that happens not only to animals; that happens to human beings also. You know the so-called Ayurvedic doctors. They are more quacks. They should not be allowed to administer any drugs to human beings. But they do it and so many people die and suffer and the same thing will happen here. It will be very difficult to prove it. The man will come and say, "No. I administered this drug with a view to curing the animal from a certain disease, from the rinderpest disease."

SHRI A. P. JAIN: It would not be unreasonable then.

SHRI J. S. BISHT: The hon. Minister has had plenty of experience of law courts and he knows how difficult it is to prove these things in a court of law.

Sub-clauses (b), (d) and (e) are all right.

Sub-clauses (f), (g) and (h), all these provisions taken together, there will again be some difficulty about them. Sub-clause (f) reads:—

> "keeps for an unreasonable time any animal chained or tethered upon an unreasonably short or unreasonably heavy chain or cord;"

The whole thing is so vague. What will be the measure of time? If a constable happens to go there, the offender will say, "Yes, it was ten minutes ago or fifteen minutes ago," how will you prosecute? I mean, it is a provision which cannot be proved in a court of law. It will be completely useless if we have the words "keeps for an unreasonable time any animal chained."

Then I come to sub-clause (g) which reads:—

> "being the owner, neglects to exercise or cause to be exercised reasonably any dog habitually chained up or kept in close confinement;"

This is rather too much. So many people keep dogs or cats. Is it the duty of a man to take out his pet every day for exercise? If he does not do it, he commits an offence under this particular provision of the Bill. Especially, in congested areas like Bombay or Calcutta or in old Delhi, it is difficult even if a man wants to take his dog outside for exercise. In fact, this makes it practically compulsory . . .

SHRI A. P. JAIN: That is not the interpretation of sub-clause (j). What it means is that nobody can allow an animal suffering from a contagious or infectious disease to go about in the street. That is an offence.

SHRI J. S. BISHT: Not that. I am talking about sub-clause (g), not (j).

> "being the owner, neglects to exercise or cause to be exercised reasonably any dog habitually chained up or kept in close confinement;"

This is rather too much, because so many people who love dogs very much keep them properly. But sometimes they neglect to exercise them either because they are too busy or they cannot do it, and most of these dog-owners happen to be people who are either bachelors or spinsters or those who are without children, and they are always busy to be . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: He cannot find out the hoarders of foodgrains.

SHRI J. S. BISHT: And then I come to sub-clause (h) which reads:—

> "being the owner of any captive animal, fails to provide such animal with proper and sufficient food, drink or shelter;"

I am not saying that these are desirable things, these are very undesirable things. People should not do these things. What I am bringing to your notice, Sir, is that the mere making of a provision in a Bill is not enough. The point is, how will you prove it in a court of law? What is the machinery? What will be the evidence?

SHRI V. K. DHAGE: The neighbours will do it.

SHRI J. S. BISHT: No neighbour will do it. You see, the Sharda Act has been in force for thirty years. Even today, girls are being married below age and no one is willing to go to a court of law.

SHRIMATI LAKSHMI MENON: But there has been a change in the attitude of the people. That is what we want.

SHRI J. S. BISHT: There has been a change. Just imagine that sort of things. There are nearly ten thousand or twenty thousand small towns in India. What is your machinery? If you are able to succeed even in bringing home the guilt of a heinous, cruel act, something which is really cruel, which appeals to everybody, then you will have attained a very great object instead of rather going too far. Then later on, when you rouse the people say, ten or fifteen years hence, you can tighten the provisions in a manner that will make the law a little more successful.

Then I come to the question of providing some sort of a machinery, because merely passing a law will not be enough unless we have got a machinery.

SHRIMATI RUKMINI DEVI ARUNDALE (Nominated): Is doing nothing the best way to make the law successful?

SHRI J. S. BISHT: That is not what I am saying. I am only saying that you delete those provisions which are merely of academic interest, because however desirable they may be, you will not be able to prove them in a court of law excepting of course in a case where I happen to have enmity with some person and I want to harass him. But that may be another thing. Otherwise, in the vast majority of cases, in things like sub-clauses (f), (g) and (h) you will never . . .

SHRI V. K. DHAGE: It will at least have a restraining influence.

SHRI J. S. BISHT: That is only your idea. Nobody in this country is going to read these things.

Then, Sir, you have got here clause 33, according to which any police officer above the rank of a constable or any person authorised by the State Government in this behalf may seize the animal, etc. So far as the latter is concerned, I think they will be mostly people who form themselves into societies for the prevention of cruelty to animals, those who may be authorised. That is quite right. But I take exception to "Any police officer above the rank of a constable." That means probably a Head Constable and everybody else. It is rather too much, I mean, if you want to give this power . . .

SHRI V. K. DHAGE: Constable will include Head Constable.

SHRI J. S. BISHT: Now if you want to give this power to a police officer, you should give it to an officer not below the rank of a sub-inspector of police, or even an assistant sub-inspector of police where they exist, because every day we hear complaints here; there are hon. Members who are complaining about the so-called police *zoolum* and this and that, whereas here you are going to arm even a head constable with these wide powers, by virtue of which he can haul up any man who owns a dog or a cat or a horse or any animal for any of these minor offences that are put in here. Therefore I think, to begin with, it should be a sub-inspector of police or any person authorised by the State Government and that will be all right. You can

[Shri J. S. Bisht.]

authorise a *sarpanch* or members of a panchayat or members of your municipalities or members of district boards or the officers of the local authorities like the veterinary assistant surgeons or the secretaries or other such officers. You can authorise them; you will have a very large number of people, because the police has already got so much work to do and so many duties to discharge under so many other laws that they will never care about these things. As far as I remember, I think that even under the present Prevention of Cruelty to Animals Act sufficient prosecutions are not launched. Therefore I think it will be much better to make use of the panchayats. We have got the gaon panchayats or village panchayats all over India now and I think they can be better instruments for enforcing this law. The *sarpanchas* of the place or the secretary of the panchayat or whatever it is, they will do it better, and probably there will be less and less chance for corruption there.

With these observations I support the Bill.

SHRI MAHESH SARAN: Mr. Deputy Chairman, this land is known for love and compassion. This is the land of Lord Krishna, Buddha and Mahatma Gandhi, and I am very glad that this piece of legislation is being introduced for the protection of those who cannot complain, because they are the dumb-driven cattle; they cannot say anything, whereas we come here to Parliament and fight for our rights; for little things we fight and we try to get them. But I am afraid very few people look after the dumb-driven cattle, the birds and others, and I am really grateful to Shrimati Rukmini Devi Arundale who started this idea in Parliament. But I must say, Sir, this is a luke warm measure which has come before this House. For one thing, so small a sum as Rs. 25,000 has been sanctioned to be spent. Now this Rs. 25,000 means nothing.

SHRI N. M. LINGAM (Madras): Spent on what?

SHRI MAHESH SARAN: On the Animal Welfare Board. You will find this in clause 4 of the Bill. It is proposed to establish an Animal Welfare Board for performing the functions prescribed in clause 9. The funds of the Board—according to clause 8—will consist of grants made to it from time to time by the Government and of contributions, donations, subscriptions, bequests, gifts and the like made to it by any person. The funds actually required by the Board will depend upon the scale on which it is progressively in a position to take up the performance of its duties and of the extent to which it succeeds in eliciting public response in the shape of contributions, donations, etc. It is, however, proposed to make an *ad hoc* grant of Rs. 25,000 to it from the Consolidated Fund annually for the first two years of its establishment.

I consider this is really a farce—I am very sorry to have to use such a strong expression. You cannot do this work in the whole of India with the grant that is being given. I thought it would be at least Rs. 25 lakhs, because you have got to do this humanitarian work throughout the length and breadth of India.

SHRI N. M. LINGAM: Large contributions from people are expected.

SHRI MAHESH SARAN: It is expected, I know. But why not Government make a larger contribution when we are spending so much on so many other things?

SHRI V. K. DHAGE: That is a printer's devil. Rs. 25,000 seems a printer's devil.

SHRI M. V. KRISHNAPPA: There is no devil; it is correct.

SHRI MAHESH SARAN: I know we love children; when our children do not speak, have not yet reached the stage of speaking, till then we are very careful about them, we look after them with a soft heart; we are very careful in their case because they cannot express themselves. Now what about these animals, millions of them, who

cannot speak? I wish that we all should take interest in them and try to be compassionate to them. I am sorry to say that the main things that are necessary are missing in this Bill.

Now, Sir, for one thing I think animal sacrifice must be stopped. We say that to do so is against the wishes of the people. We have done so many things against the wishes of the people—given equal rights to the sons and daughters . . .

SHRIMATI LAKSHMI MENON: And abolition of *sati.*

